टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED
(अनुसूची 'ए' , मिनी रत्न , पीएसयू )
(Schedule 'A', Mini Ratna PSU)

Great Place To Work® Certified JUN 2024-JUN 2025 INDIA

# गंगावतरणम्
# GANGAVATARANAM

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की गृह पत्रिका



नवंबर, 2024

**मुख्य संरक्षक**
**श्री आर. के. विश्नोई**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**संरक्षक**
**श्री शैलेन्द्र सिंह**
निदेशक (कार्मिक)

**संपादक**
**डॉ. ए. एन. त्रिपाठी**
महाप्रबंधक
(मा. सं. एवं प्रशा. एवं जनसंपर्क)

**उप संपादक**
**डॉ. काजल परमार**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

**विशिष्ठ सहयोग**
**श्री पंकज कुमार शर्मा**
उप प्रबंधक (राजभाषा)

**सहायक संपादक**
**श्री ईशान भूषण**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

**समन्वयक**

**टिहरी**
**श्री मनबीर सिंह नेगी**
प्रबंधक (जनसंपर्क)

**कोटेश्वर**
**श्री आर. डी. मंमगाई**
उप प्रबंधक (जनसंपर्क)

**कौशांबी**
**श्री के. सूर्या मौली**
सहायक प्रबंधक (मा.सं एवं प्रशा.)

**खुर्जा**
**श्री प्रभात कुमार**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

**पीपलकोटी**
**श्री यतवीर सिंह चौहान**, प्रबंधक(जनसंपर्क)
व **श्री अविनाश कुमार**
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

**ऋषिकेश**
**श्री अभिषेक तिवारी**
जनसंपर्क अधिकारी


## CONTENTS


1. CMD Message — 3.

2. THDC synchronizes the first unit of 1,000 MW Tehri PSP — 4.

3. Inspection of KSTPP by CMD, THDCIL & Construction of draft tube of Unit-2 of VPHEP started — 5.

5. Celebrations of Constitution Day 2024 — 6.

6. Inspection of VPHEP by D(P) — 7.

6. State level painting competition-2024 on energy conservation in THDC — 8.

7. Director (Finance), honored with “Visionary CFO of India” Award & Certification program organized in KSTPP — 9.

8. Vigilance awareness campaign organized by THDC at Parmarth Niketan & 'Run For Unity' organized under Vigilance Awareness Campaign in KSTPP — 10.

9. Tehri PSP's GSU Transformer and IPBD of Unit #6 Successfully back-charged for the first time — 9.

10. Ladies Club & Multi-agency mock drill organized at VPHEP, Pipalkoti — 11.

11. Concreting of Unit 1 Slab in the Transformer Hall commenced & Awareness program on Global Warming held at NCR Office — 12.

16. Retirement — 13.




**धैर्यं सर्वस्य साधनम्।**
**Patience is the solution to everything.**





## अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय का संदेश



प्रिय साथियों,
टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की गृह पत्रिका 'गंगावतरणम्' के इस अंक के साथ हम इस वर्ष के अंतिम चरण में पहुँच चुके हैं। जब तक यह अंक आपके पास आएगा तब तक हम दिसंबर माह में प्रवेश कर चुके होंगे। साथियों, यह माह न केवल इस वर्ष का अंतिम माह है, बल्कि नए वर्ष 2025 की शुरुआत का प्रतीक भी है।
इस वर्ष हमने साथ मिलकर निगम के लिए कई मील के पत्थर हासिल किए जो हमारे लिए गर्व का विषय है। हमारी सभी परियोजनाओं पर कार्य निरंतर प्रगति कर रहा है और हम अपनी दोनों प्रमुख परियोजनाओं, 1000 मेगावाट की टिहरी पंप स्टोरेज परियोजना (पीएसपी) और 1320 मेगावाट की महत्वाकांक्षी खुर्जा सुपर थर्मल विद्युत परियोजना को जल्द ही कमीशन करने जा रहे हैं। मैं जानता हूं कि आप सभी बेसब्री से इनके कमीशन होने का इंतजार कर रहे हैं और जल्द ही यह इंतजार खत्म होगा। साथ ही, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड विद्युत क्षेत्र की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को कमीशन करते हुए राष्ट्रीय पटल पर अपनी मजबूत छाप छोड़ेगी। साथ ही, जल विद्युत के क्षेत्र में 444 मेगावाट की हमारी विष्णुगाड-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना में भी सभी निर्माण कार्य तेजी से प्रगति कर रहे हैं, जो हमारे लिए प्रसन्नता का विषय है।
इसके अतिरिक्त, देश के विभिन्न हिस्सों में चल रही अन्य परियोजनाओं पर भी कार्य तेजी से जारी है। चाहे अरुणाचल प्रदेश हो, राजस्थान हो, केरल हो या अन्य कोई स्थान। सभी जगहों पर हमारी टीमें निरंतर मेहनत से काम कर रही हैं। हर एक कर्मचारी का योगदान निगम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह उनके समर्पण, मेहनत और प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड आज ऊर्जा क्षेत्र में सफलता की नई ऊंचाइयां छू रही है। मैं यह विशेष रूप से कहता हूं कि यह हमारी टीमों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है कि हम लगातार प्रगति कर रहे हैं और नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। हमारे कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा से निभा रहे हैं और निगम की दिशा को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहे हैं।
मैं अपने टीएचडीसी परिवार के सभी सदस्यों को बताना चाहूंगा कि यह आप सभी की परस्पर लगन और मेहनत का परिणाम है कि आज निगम की गणना पूरे देश में ऊर्जा के क्षेत्र की उच्च कंपनियों में की जाती है। हर वर्ष 'यंग ब्लड' यानी हमारे युवा साथियों की बड़ी संख्या हमारे परिवार का हिस्सा बनती है। मैं अपने उन नए कर्मचारियों से जो हमारे आने वाले कल हैं, से कहना चाहता हूं कि इस कंपनी में आपको जितने अनुभव और सीखने के अवसर मिलेंगे, वह कहीं और प्राप्त करना मुश्किल होगा। यहां आपके लिए सीखने के अनगिनत अवसर हैं, जो आपके व्यक्तिगत और पेशेवर विकास में सहायक होंगे। इसलिए, आप सभी से मेरी अपील है कि अपने समय का सदुपयोग करें, हर दिन कुछ नया सीखें और अनुभव प्राप्त करें। इससे न केवल आपका व्यक्तिगत विकास होगा, बल्कि निगम को भी आपके द्वारा सीखे गए कार्यों और अनुभवों से लाभ प्राप्त होगा।
आइए, इस साल के सभी अच्छे और बुरे पलों से अनुभव लें ओर नए साल का आगाज करें। मैं प्रभु से प्रार्थना करता हूं कि आपका जीवन मंगलमय और समृद्ध हो।
स्वस्थ रहें...सुरक्षित रहें...
धन्यवाद

(आर. के. विश्नोई)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

## टीएचडीसी ने भारत के पहले 1000 मेगावाट पंप स्टोरेज प्लांट की प्रथम यूनिट का किया सिंक्रोनाइजेशन





टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने भारत के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज प्लांट (पीएसपी) की प्रथम यूनिट(250 मेगावाट) को राष्ट्रीय ग्रिड के साथ सफल सिंक्रोनाइजेशन करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह सिंक्रोनाइजेशन 19 नवंबर, 2024 को अपराह्न 5:50 बजे हुआ, जो भारत के अक्षय ऊर्जा बुनियादी ढांचे के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर श्री आर० के० विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की गरिमामयी उपस्थिति रही। श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत), भारत सरकार एवं श्री गुरदीप सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनटीपीसी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के अवसर पर उपस्थित रहे। इस अवसर को और भी महत्वपूर्ण बनाते हुए, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव, श्री पंकज अग्रवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पीएसपी टीम को उनके अथक समर्पण के लिए बधाई दी। उन्होंने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की भी सराहना की।
श्री विश्नोई ने पीएसपी की टीम को उनकी असाधारण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी। साथ ही, इस उपलब्धि की राष्ट्रीय ग्रिड की क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह किसी भी सीपीएसई द्वारा विकसित भारत के सबसे बड़े पंप स्टोरेज प्लांट के चालू होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो भारत के सबसे बड़े हाइड्रो पावर कॉम्प्लेक्स, टिहरी हाइड्रो पावर कॉम्प्लेक्स को 2,400 मेगावाट की कुल संस्थापित क्षमता के साथ पूर्ण प्रचालन के नजदीक ला रहा है। यह उपलब्धि भारत के नवीकरणीय ऊर्जा बुनियादी ढांचे को सुदृढ बनाने में सहयोग करने की निगम की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह टिहरी हाइड्रो पावर कॉम्प्लेक्स को एक सतत और लचीले ऊर्जा भविष्य की ओर देश के परिवर्तनकाल में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में स्थापित करता है।
एनटीपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री गुरदीप सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस उल्लेखनीय उपलब्धि को हासिल करने वाली पूरी पीएसपी टीम की उसके अटूट समर्पण के लिए सराहना की। उन्होंने इस बात पर बल देते हुए कहा कि टिहरी पीएसपी की सफल कमीशनिंग एक महत्वपूर्ण मिसाल कायम करेगी, जिससे अन्य पीएसयू के लिए पंप स्टोरेज परियोजनाओं में उद्यम करने का मार्ग प्रशस्त होगा, जो ग्रिड स्थिरता को बढ़ाने और नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। श्री सिंह ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टीएचडीसीआईएल को बधाई दी और इस अभूतपूर्व उपलब्धि को हासिल करने में टीएचडीसीआईएल के अटूट समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना की। उनके शब्दों ने इस उपलब्धि के राष्ट्रीय महत्व को और रेखांकित किया। साथ ही देश भर में उन्नत जलविद्युत और भंडारण समाधानों में भविष्य के प्रयासों को प्रेरित करने की इसकी क्षमता पर भी प्रकाश डाला।
निदेशक (कार्मिक) श्री शैलेन्द्र सिंह ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने पर हार्दिक बधाई दी और इस बात पर जोर दिया कि यह उपलब्धि पीएसपी में टीएचडीसीआईएल की उपस्थिति का विस्तार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता और ग्रिड स्थिरता में योगदान मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह उपलब्धि परियोजना में शामिल प्रत्येक व्यक्ति के समर्पण, कड़ी मेहनत और दृढ़ता का प्रमाण है। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी) श्री भूपेंद्र गुप्ता ने टिहरी पीएसपी टीम द्वारा किए गए अथक प्रयासों की सराहना की और सिंक्रोनाइजेशन प्रक्रिया के दौरान आने वाली तकनीकी चुनौतियों तथा उन पर विजय हासिल करने पर जोर दिया। पहली इकाई का सफल सिंक्रोनाइजेशन टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की टिहरी हाइड्रो पावर कॉम्प्लेक्स की पूरी क्षमता को साकार करने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है |
निदेशक (वित्त), श्री सिपन कुमार गर्ग ने पूरी पीएसपी टीम को बधाई देते हुए टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट के विकास में सहायक रणनीतिक वित्तीय नियोजन और निवेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह उपलब्धि न केवल एक तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि एक महत्वपूर्ण वित्तीय उपलब्धि भी है, क्योंकि यह परियोजना की वित्तीय स्थिरता और दीर्घकालिक व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के लिए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की सुदृढ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।
कार्यपालक निदेशक (टिहरी कॉम्प्लेक्स), श्री एल.पी. जोशी ने टिहरी पीएसपी टीम, कंसोर्टियम भागीदारों (मेसर्स जीईपीआईएल एवं मेसर्स एचसीसी) एवं अन्य हितधारकों की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि में परिणत होने वाले सहयोगी प्रयासों पर जोर दिया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (सिविल-पीएसपी), श्री अनूप गैरोला, महाप्रबंधक (मानव संसाधन-प्रशासन, सीसी), डॉ. ए. एन. त्रिपाठी और टीएचडीसीआईएल, कंसोर्टियम भागीदारों और टीएचडीसीआईएल के सलाहकार मेसर्स ट्रैक्टबेल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



धैर्यं सर्वस्य साधनम्।
Patience is the solution to everything.

## श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा खुर्जा परियोजना का निरीक्षण





श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, द्वारा 08 नवंबर, 2024 को खुर्जा उच्च ताप विद्युत परियोजना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ श्री भूपेंद्र गुप्ता, निदेशक (तकनीकी) भी उपस्थित रहे। इस निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान श्री विश्नोई द्वारा खुर्जा परियोजना के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक भी की गई। श्री कुमार शरद, कार्यपालक (निदेशक-परियोजना) ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं निदेशक (तकनीकी) का स्वागत पौधा भेंट कर किया।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं निदेशक (तकनीकी) द्वारा सभागार कक्ष में कार्यपालक निदेशक,महाप्रबंधक (विद्युत), महाप्रबंधक (ओ एंड एम ) तथा विभिन्न प्रोजेक्ट से संबंधित विभागाध्यक्षों एवं संविदा एजेंसी के अधिकारियों के साथ बैठकर परियोजना कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परियोजना की यूनिट-1 के सिंक्रोनाइजेशन की सफलता पर बधाई दी। खुर्जा परियोजना के निरीक्षण कार्यक्रम का समापन करते हुए श्री विश्नोई ने परियोजना के प्रगतिशील कार्यों की प्रशंसा की। कार्यपालक निदेशक, खुर्जा द्वारा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं निदेशक (तकनीकी) को यूनिट-2 के कार्यों की प्रगति के संबंध में अवगत कराया गया। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा समस्त कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने हेतु संबंधित विभागाध्यक्षों, संविदा एजेंसी के अधिकारियों एवं अन्य कार्मिकों को निर्देशित किया गया।

## टीएचडीसी की खास उपलब्धि, वीपीएचईपी के यूनिट-2 के ड्राफ्ट ट्यूब का शुरू हुआ निर्माण



टीएचडीसी ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। निगम के निर्माणाधीन 444 मेगावाट क्षमता की विष्णुगाड-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना में 26 नवंबर, 2024 को पावर हाउस में यूनिट-2 के ड्राफ्ट ट्यूब का निर्माण शुरू हो गया। इसमें ड्राफ्ट ट्यूब लाइनर के दो खंडों को सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है। यह पावर हाउस में इलेक्ट्रो-मैकेनिकल उपकरण के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। निगम के सीएमडी, श्री आर.के. विश्नोई ने पूरी टीम को उनके समर्पण के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि परियोजना में शामिल सभी लोगों के उल्लेखनीय प्रयासों और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ऐसी उपलब्धियां टीएचडीसी द्वारा समय पर काम पूरा करने और बुनियादी ढाँचे के विकास में उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित करने का प्रतिबिंब हैं, जो हमें राष्ट्र के ऊर्जा लक्ष्यों में योगदान देने के हमारे मिशन को पूरा करने के करीब लाती हैं। इससे पहले निगम द्वारा 22 अक्टूबर, 2024 को मुख्य बांध संरचना के सेंट्रल ओवरफ्लो ब्लॉक-3 में कंक्रीट प्लेसमेंट, 18 जनवरी, 2024 को ब्लॉक-1 के लिए कंक्रीट कार्य की शुरुआत और 2 जून, 2024 को ब्लॉक-5 के लिए कंक्रीट का काम पूरा किया गया था। प्रत्येक उपलब्धि इंजीनियरिंग उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए निर्माण की गति को बरकरार रखने की टीएचडीसी के अटूट समर्पण को दर्शाती है।

विष्णुगाड-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना भारत की अक्षय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। यह परियोजना जलविद्युत की शक्ति का दोहन करके, कार्बन उत्सर्जन को कम करने, स्वच्छ ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा करने और राष्ट्र के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में योगदान देगी। एक टिकाऊ और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार पहल के रूप में, यह परियोजना अक्षय ऊर्जा और जलवायु के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के साथ पूरी तरह से मेल खाती है।

श्री अजय वर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) ने पूरी ईएम यूनिट, बीएचईएल के इंजीनियरों, बीएचईएल के वेंडरों और सभी श्रमिकों को उनके अटूट प्रयासों और समर्पण के लिए बधाई दी। उन्होंने सभी की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता की सराहना की। इस अवसर पर श्री अजय वर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना) सहित कई सम्मानित अधिकारी उपस्थित रहे । इनमें श्री अरुण कुमार, एजीएम (ईएंडएम), श्री एस.पी. डोभाल, एजीएम (पीएच-सिविल), श्री आर.एस. मखलोगा, डीजीएम (एचएम), श्री अनिल नौटियाल, डीजीएम (ईएंडएम), श्री पी.के. मिश्र, डीजीएम (बीएचईएल) के साथ-साथ टीएचडीसी और बीएचईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। विष्णुगाड-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना प्रगति के रास्ते पर है और देश के सतत विकास एवं ऊर्जा क्षेत्र में योगदान देने के लिए तत्पर है।

## टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में मनाया गया संविधान दिवस




टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के कॉर्पोरेट कार्यालय, परियोजना स्थलों और इकाई कार्यालयों में 26 नवंबर, 2024 को संविधान दिवस मनाया गया। 26 नवंबर, 1949 को ही संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया था। इस अवसर पर, टीएचडीसीआईएल के सीएमडी, श्री आर.के. विश्नोई ने भारतीय संविधान के महत्व पर जोर देते हुए इसे देश के लोकतंत्र की नींव बताया। उन्होंने कहा, "भारतीय संविधान हमारे राष्ट्र के सिद्धांतों - समानता, न्याय, स्वतंत्रता और भाईचारा का प्रतीक है। यह हमें एक मजबूत और अधिक समावेशी समाज के निर्माण में मार्गदर्शन करता है। यह न केवल शासन के लिए ढांचा प्रदान करता है बल्कि प्रत्येक नागरिक के मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की रक्षा भी करता है। संविधान दिवस इन मूल्यों को बनाए रखने और बढ़ावा देने की हमारी सामूहिक जिम्मेदारी की याद दिलाता है।"

समारोह के दौरान श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक) द्वारा कॉर्पोरेट कार्यालय, ऋषिकेश में सभी विभागाध्यक्षों और कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया। अपने संबोधन में उन्होंने न्यायपूर्ण और समतामूलक समाज के निर्माण में संविधान की भूमिका पर प्रकाश डाला। श्री सिंह ने कहा, "संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं है बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। यह समानता, सामाजिक न्याय और भाईचारा के सिद्धांतों को सुनिश्चित करता है, जिन्हें हमें अपने सभी कार्यों और निर्णयों में लागू करने का प्रयास करना चाहिए।"

समारोह में श्री भूपेंद्र गुप्ता, निदेशक (तकनीकी) भी उपस्थित रहे। उन्होंने संविधान में निहित मूल्यों के साथ संगठनात्मक लक्ष्यों को संरेखित करने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, "टीएचडीसी संविधान के आदर्शों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। संविधान के मूल्यों को अपनी नीतियों और कार्यों में एकीकृत करके, हमें राष्ट्र की प्रगति में योगदान देना और अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाना है। निगम में हमारा लक्ष्य इन मूल्यों को अपने कामकाज के हर पहलू में एकीकृत करना है ताकि राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान दिया जा सके।" इस अवसर पर निगम के स्कूलों और कार्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

**टिहरी**



**खुर्जा**



**पीपलकोटी**




**एनसीआर**



**संविधान दिवस-2024 की झलकियाँ**

## निदेशक (कार्मिक) का विष्णुगाड-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना का दौरा






08 नवंबर 2024 को निदेशक (कार्मिक), श्री शैलेन्द्र सिंह द्वारा 444 मेगावाट विष्णुगाड-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना का धरातलीय निरीक्षण किया, इसके अन्तर्गत निदेशक (कार्मिक) ने TBM मशीन से चल रहे (HRT) टनल के निर्माण कार्य, तथा पॉवर हाउस के निर्माण कार्यो की प्रगति का जायजा लिया, इस दौरान उनके साथ मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना), श्री अजय वर्मा भी उपस्थित रहे।
निदेशक (कार्मिक) द्वारा परियोजना में कार्यरत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक ली गई व कार्य प्रगति की समीक्षा की गई |
इस अवसर पर परियोजना के अन्य अधिकारियों में महाप्रबंधक (यांत्रिक/सामा.एवं पर्या.), श्री जे.एस. बिष्ट, महाप्रबंधक (टीबीएम), श्री के.पी. सिंह, अपर महाप्रबंधक (पॉवर हाउस), श्री पी.एस. रावत, अपर महाप्रबंधक (बाँध), श्री आर.पी. मिश्रा, अपर महाप्रबंधक (वि. एवं सं.), अरुण कुमार, अपर महाप्रबंधक (पा.हा.), श्री एस.पी. डोभाल, अपर महाप्रबंधक (नियोजन), श्री बी. एस. पुंडीर, उप महाप्रबंधक (मा.सं.), श्री आशुतोष आनंद, वरि. प्रबंधक (मा.सं.), श्री वी.डी. भट्ट सहित परियोजना के कई अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## संविधान दिवस-2024 की झलकियाँ

लखनऊ



झांसी



ललितपुर




चित्रकूट



## टीएचडीसी में ऊर्जा संरक्षण पर राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता-2024 का सफलतापूर्वक आयोजन







टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा कॉर्पोरेट कार्यालय, ऋषिकेश में उत्तराखंड राज्य के स्कूली छात्र-छात्राओं हेतु ऊर्जा संरक्षण पर 13 नवंबर, 2024 को राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता-2024 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित यह प्रतियोगिता ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय जागरूकता अभियान में उत्तराखंड के लिए नोडल एजेंसी के रूप में टीएचडीसी की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। इस अवसर पर टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर.के. विश्नोई ने ऊर्जा संरक्षण के महत्व तथा जागरूकता बढ़ाने में ऐसे कार्यक्रमों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की प्रतियोगिता का विषय 'प्रकृति के उपहारों की रक्षा करें, सतत परिवर्तन को अपनाएं' और 'आपके पास ऊर्जा बचाने की शक्ति है' था | उन्होंने विद्यार्थियों को कला के माध्यम से अपनी रचनात्मकता व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया और ऊर्जा संरक्षण के संदेश को बढ़ावा दिया। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों, उनके शिक्षकों और आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना की।

टीएचडीसी के निदेशक (कार्मिक), श्री शैलेन्द्र सिंह ने युवा कलाकारों की असाधारण रचनात्मकता की सराहना की। उन्होंने कहा, "ऊर्जा संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय की जागरूकता में छात्रों की इतनी व्यापक भागीदारी देखना प्रेरणादायक है। यहां प्रदर्शित कलाकृतियां केवल रचनात्मक अभिव्यक्ति नहीं हैं; यह सभी को एक स्थायी ऊर्जा भविष्य में योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।" टीएचडीसी के निदेशक (वित्त), श्री सिपन कुमार गर्ग इस प्रतियोगिता के पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि "ऊर्जा संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण उद्देश्य के लिए राज्य भर के विद्यार्थियों का उत्साह और प्रतिभा एक साथ आते देखना उत्साहजनक है।"


श्री गर्ग ने प्रतियोगिता में ग्रुप ए (कक्षा 5वीं, 6वीं और 7वीं) और ग्रुप बी (कक्षा 8वीं, 9वीं और 10वीं) दोनों के प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार विजेताओं को रुपए 50,000/-, रुपए 30,000/- और रुपए 20,000/- प्रदान किए व साथ ही रुपए 7,500/- के 10 सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। ग्रुप ए से सुश्री क्रिस्टीन, सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवालापुर ने प्रथम, सुश्री कोमल रानी, आचार्यकुलम पतंजलि, हरिद्वार ने द्वितीय और श्री सक्षम वत्स, ए. बी. एन. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रुड़की ने तृतीय स्थान हासिल किया और ग्रुप बी से सुश्री भावना सिंह, आचार्यकुलम, हरिद्वार ने प्रथम, सुश्री आरून्नी चौहान, माउंट लिटेरा जी स्कूल ने द्वितीय और श्री रितिक सिंह, ब्राइट स्टार्ट इंटरनेशनल एकेडमी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

श्री गर्ग ने बताया कि टीएचडीसी द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड के विभिन्न जिलों के 304 स्कूलों के कुल 1,80,611 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो पिछले वर्ष की 1,69,787 की संख्या से अधिक रहा। श्री गर्ग ने बताया कि ग्रुप ए और ग्रुप बी दोनों के प्रथम तीन विजेता नई दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेंगे। साथ ही उन्होंने पिछले वर्ष की उपलब्धि को भी साझा किया, जहां उत्तराखंड राज्य के एक प्रतिभागी ने ग्रुप ए श्रेणी के तहत दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता था।





## टीएचडीसी के निदेशक (वित्त) श्री सिपन कुमार गर्ग को ''भारत के विजनरी सीएफओ'' पुरस्कार से सम्मानित किया गया



टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के निदेशक (वित्त) श्री सिपन कुमार गर्ग को राष्ट्रीय आर्थिक विकास शिखर सम्मेलन-2024 में प्रतिष्ठित पुरस्कार 'भारत के विजनरी सीएफओ' से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार वित्त क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान, विशेष रूप से विकास और नवाचार को आगे बढ़ाते हुए एक उभरते कारोबारी माहौल की जटिलताओं को सुलझाने में उनके नेतृत्व को मान्यता प्रदान करता है।

श्री गर्ग ने 17 अगस्त 2024 को टीएचडीसीआईएल के निदेशक (वित्त) का पदभार ग्रहण किया और उन्होंने भारत के विद्युत क्षेत्र में अपने योगदान को आगे बढ़ाते हुए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की वित्तीय स्थिरता और विकास को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वित्त क्षेत्र में श्री गर्ग के असाधारण नेतृत्व और टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की सफलता और विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार संगठन के लक्ष्यों को राष्ट्रीय आर्थिक विकास के व्यापक दृष्टिकोण के साथ संरेखित करते हुए ईमानदारी के साथ नेतृत्व करने, टीमों को प्रेरित करने और संसाधनों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने की उनकी क्षमता को मान्यता प्रदान करता है।

टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री आर. के. विश्नोई, निदेशक (कार्मिक), श्री शैलेन्द्र सिंह और निदेशक (तकनीकी), श्री भूपेन्द्र गुप्ता ने श्री गर्ग को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी। राष्ट्रीय आर्थिक विकास शिखर सम्मेलन का उद्देश्य भारत के सबसे दूरदर्शी व्यापारिक नेतृत्वकर्ताओं को एक साथ लाना और सतत आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका को प्रोत्साहित करना है। श्री गर्ग को प्रदान किया गया 'भारत के विजनरी सीएफओ' का प्रतिष्ठित पुरस्कार कई प्रमुख मापदंडों जिसमें रणनीतिक नेतृत्व, वित्तीय प्रदर्शन, वित्तीय प्रथाओं में नवाचार, जोखिम प्रबंधन, टीम विकास, प्रदर्शन एवं विकास, लागत अनुकूलन और दक्षता आदि पर आधारित है।

## खुर्जा परियोजना में प्रमाणन कार्यक्रम का किया गया आयोजन




खुर्जा उच्च ताप विद्युत परियोजना में 11 नवंबर, 2024 को खुदरा बिक्री सहयोगी (रिटेल सेल्स एसोसिएट) प्रमाणन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पाठ्यक्रम तीन माह का आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम था, जिसे सेवा-टीएचडीसी द्वारा प्रायोजित किया गया और प्रशिक्षण की व्यवस्था मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेरठ द्वारा की गई। इस प्रशिक्षण के लिए खुर्जा परियोजना से प्रभावित गांवों के कुल 15 विद्यार्थियों का चयन किया गया।

पाठ्यक्रम के सफल समापन के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें इस पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले छात्रों को खुर्जा परियोजना के कार्यपालक निदेशक, श्री कुमार शरद के द्वारा प्रमाणपत्र वितरित किए गए। उन्होंने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के व्यावसायिक पाठ्यक्रम पूरे कर लेने से ग्रामीण विद्यार्थी आत्मनिर्भर बनेंगे एवं उनके लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक विकास के कार्य खुर्जा परियोजना के द्वारा भविष्य में भी जारी रहेंगे। श्री कुमार शरद ने अपने संबोधन में सेवा-टीएचडीसी और मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के इस संयुक्त प्रयास की सराहना की।

## टीएचडीसी द्वारा परमार्थ निकेनत में आयोजित किया गया सतर्कता जागरूकता अभियान







टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत 13 नवंबर, 2024 को ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन में सतर्कता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर.के. विश्नोई ने बताया कि सत्यनिष्ठा की संस्कृति और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री विश्नोई ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ-साथ ईमानदारी सुशासन का मूल है और राष्ट्र के समग्र विकास और प्रगति के लिए आवश्यक भी है। सत्यनिष्ठा संस्थानों की मजबूती और नैतिक प्रशासन को बढ़ावा देता है और यह सुनिश्चित भी करता है कि नीतियां और निर्णय जन-केंद्रित हों। यह दृष्टिकोण विश्वास का निर्माण करने और स्थायी प्रगति को बढ़ावा देने में मदद करता है।

इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम "सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि" पर परमार्थ निकेतन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ), सुश्री रश्मिता झा ने संबोधित किया। सीवीओ ने सत्य और ईमानदारी की राह पर चलने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान सीवीओ ने इस बात पर बल दिया कि जो व्यक्ति अपने जीवन में सत्य और ईमानदारी के मूल्यों को बनाए रखते हैं, उन्हें व्यक्तिगत संतुष्टि और सफलता से पुरस्कृत किया जाता है। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि ईमानदारी और नैतिक आचरण से पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों स्तरों पर उपलब्धि और सम्मान की भावना निर्माण होती है।

इस अवसर पर टीएचडीसी के उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री सतीश कुमार आर्य ने परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश में उपस्थित लोगों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई तथा उनसे ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध होने का आग्रह किया। इस अवसर पर टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अन्य वरिष्ठ अधिकारी जिनमें श्री हरदेव पंत, उप महाप्रबंधक (सतर्कता), श्री जी.एस.चौहान, उप महाप्रबंधक तथा श्री जितेन्द्र जोशी, वरिष्ठ प्रबंधक, एवं सतर्कता विभाग के अनेक कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## खुर्जा परियोजना में सतर्कता जागरूकता अभियान-2024 के तहत 'Run For Unity' का आयोजन




खुर्जा परियोजना में 20 अगस्त से 15 नवंबर, 2024 तक सतर्कता जागरूकता अभियान-2024 मनाया गया। इसी के तहत, खुर्जा कार्यालय में 06 नवंबर, 2024 को सतर्कता जागरूकता अभियान- 2024 के अंतर्गत "RUN FOR UNITY" का आयोजन किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 के बैनर तले "RUN FOR UNITY" का शुभारंभ श्री कुमार शरद, कार्यपालक निदेशक (परियोजना) द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर श्री विनोद कुमार साहू, महाप्रबंधक (ओ एंड एम), श्री मनोज कुमार ग्रोवर, अपर महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा), श्री अनिल त्यागी, अपर महाप्रबंधक (विविध भवन/सीएचपी/रेलवे साइडिंग/संपदा अधिकारी), श्री मुकुल शर्मा, अपर महाप्रबंधक (सिवल-एस जी/मेकअप वाटर) श्री एन के भट्ट, अपर महाप्रबंधक (यांत्रिकी) एवं श्री मनोज कुमार पांडे, उप महाप्रबंधक (सतर्कता) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगणों एवं कर्मचारीगणों ने दौड़ में प्रतिभाग किया। श्री कुमार शरद, कार्यपालक निदेशक (परियोजना), श्री विनोद कुमार साहू, महाप्रबंधक (ओ एंड एम) एवं श्री मनोज कुमार पांडे, उप महाप्रबंधक (सतर्कता) ने अपना वक्तव्य देते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सजग किया।





## Tehri PSP's GSU Transformer and IPBD of Unit #6 Successfully back-charged for the 1st time





THDC India Limited has achieved a significant milestone in the commissioning of the 4x250 MW Variable Speed Tehri Pumped Storage Project (PSP) as on 30th November 2024, the Generator Step-Up (GSU) Transformer (306 MVA, 420 kV/15.75 kV) and the Isolated Phase Bus Duct (IPBD) of Unit #6 were Successfully back-charged for the first time. This historic achievement marks a critical step in advancing the nation’s first 1,000 MW Variable Speed Pumped Storage Project. Sh. R. K. Vishnoi, CMD THDCIL highlighted this milestone as a pivotal advancement, enabling the drawl of startup power essential for testing the Voltage Source Inverter (VSI) and subsequent commissioning activities of Unit #6. Sh. Vishnoi extended his heartfelt congratulations to the entire PSP team acknowledged their dedication and relentless efforts in achieving this critical step.

Sh. Bhupender Gupta, Director (Technical), THDCIL, commended Team PSP and associated stakeholders for their tireless dedication and contributions to the project’s success. He emphasized that this milestone not only demonstrates THDCIL’s technical prowess but also sets a benchmark for innovation in Hydropower development. Sh. Gupta expressed confidence that the team’s unwavering commitment will ensure the timely completion of the project, further strengthening the nation’s energy infrastructure.

Sh. L. P. Joshi, Executive Director (Tehri Complex), also appreciated the team's hard work and unwavering commitment and congratulated all members of the Tehri PSP team for this achievement.

Sh. A. R. Gairola ,General Manager (PSP-Civil), Sh. S. K. Sahoo, AGM (I/C-PSP) , Sh. Bhagat Singh, AGM (EM&HM-PSP), Sh. N. S. Adhikari DGM (PSP) and other senior officials from THDCIL and M/s GEPIL were also present during  this momentous occasion.

## उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं






## लेडीज़ क्लब, खुर्जा 'मंजरी' की सदस्याओं की ऋषिकेश यात्रा



मंजरी लेडीज क्लब, खुर्जा की सदस्याओं ने हाल ही में ऋषिकेश का भ्रमण किया। यह यात्रा 21 नवंबर, 2024 को शुरू हुई। यात्रा के पहले दिन सदस्याओं ने हरिद्वार में शांतिकुंज, गंगाघाट एवं हर की पैड़ी का भ्रमण किया। यात्रा के दूसरे दिन सभी लोगों ने ऋषिकेश स्थित वशिष्ठ आश्रम एवं परमार्थ निकेतन में माँ गंगा के तट पर गंगा आरती का आनंद लिया। माँ गंगा नदी के तट पर दीपों की झिलमिलाती रोशनी और मंत्रोच्चारण ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। यात्रा के तीसरे दिन सभी सदस्याओं ने राजाजी नेशनल पार्क का भ्रमण किया। इस दौरान सभी सदस्याओं ने राम झूला और जानकी झूला का दौरा भी किया। मंजरी लेडीज क्लब के सदस्याओं के लिए यह यात्रा एक अविस्मरणीय अनुभव रही। इस तीन दिवसीय यात्रा में श्रीमती चंचल विश्नोई एवं श्रीमती बिनीता शरद भी सम्मिलित रहीं।

## लेडीज़ वेलफेयर एसोसिएशन, ऋषिकेश 'तेजस्विनी' द्वारा धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस



लेडीज़ वेलफेयर एसोसिएशन तेजस्विनी द्वारा 14 नवंबर, 2024 को बड़ी धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तेजास्विनी गीत द्वारा की गई। उसके पश्चात बच्चों के लिए ग्रुप गेम्स आयोजित किय गए। म्यूजिकल चेयर का भी बच्चों ने खूब आनंद लिया। बच्चों को उपहार स्वरूप टिफिन बॉक्स वितरित किए गए। साथ ही, नवंबर माह में जन्में सदस्याओं का जन्मदिन भी खूब हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## वीपीएचईपी, पीपलकोटी के हेलंग डैम साइट पर बहु-एजेंसी मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन



विष्णुगाड-पिपलकोटी जलविद्युत परियोजना (वीपीएचईपी) के हेलंग डैम साइट पर दिनांक 23 नवंबर, 2024 को "नदी में बचाव" विषय पर एक बहु-एजेंसी मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह अभ्यास टीएचडीसी के सुरक्षा विभाग , केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और स्थानीय पुलिस के सहयोग से संपन्न हुआ। यह मॉक ड्रिल सुबह 11:30 बजे शुरू हुई, जिसमें बचाव और निकासी कार्यों का प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों ने आपातकालीन स्थिति में क्षेत्र को सुरक्षित करने, लोगों को बचाने और तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने में संयुक्त प्रयासों का प्रदर्शन किया।

यह अभ्यास आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया की तैयारियों को रेखांकित करता है। मॉक ड्रिल के बाद, एसडीआरएफ की टीम ने अपने विशेष आपातकालीन उपकरणों का प्रदर्शन किया और उनके उपयोग एवं लाभों के बारे में प्रतिभागियों को जागरूक किया। यह प्रदर्शन वास्तविक आपात स्थितियों के प्रबंधन में सभी प्रतिभागियों की क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया।

इस अवसर पर टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों ने सुरक्षा सुनिश्चित करने और जलविद्युत परियोजना संचालन से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को दोहराया। निगम नियमित रूप से मॉक ड्रिल और सुरक्षा जागरूकता अभियानों जैसे उपाय अपनाकर अपनी तैयारियों को मजबूत करता है और जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। यह अभ्यास टीएचडीसी की सुरक्षा-प्रथम संस्कृति को बढ़ावा देने और संचालन में उच्चतम मानकों का पालन सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्थानीय प्रशासन और विशेष एजेंसियों के साथ सहयोग से टीएचडीसी अपने कर्मचारियों और आसपास के समुदायों की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस प्रकार की पहल न केवल आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करती है, बल्कि टीएचडीसी को एक जिम्मेदार और सुरक्षा-सचेत संगठन के रूप में भी प्रदर्शित करती है।

## Concreting of Unit 1 Slab in the Transformer Hall commenced at VPHEP





THDC India Limited has achieved a significant milestone in the construction of the 444 MW Vishnugad-Pipalkoti Hydro Electric Project (VPHEP) as on 30 November, 2024, the concreting of the Unit 1 slab in the Transformer Hall commenced, marking a crucial step forward in this flagship Clean Energy Initiative. Commenting on the achievement, Sh. R.K. Vishnoi, CMD, said, " With every step forward, we reaffirm our dedication to Sustainable growth and energy security for India". The slab concreting activity at elevation EL 1043.5 will facilitate the GIS floor and Cable Gallery slab construction in the Transformer Hall. This phase is a foundational achievement, paving the way for subsequent work in the powerhouse and solidifying progress in constructing the hall's first floor. The Transformer Hall plays a vital role in housing critical electrical equipment, ensuring efficient power generation and transmission.

Sh. Vishnoi also commended the relentless efforts of the VPHEP team led by Sh. Ajay Verma (HoP, VPHEP) for their precision and determination in overcoming the challenges posed by the Himalayan terrain. This milestone underscores the remarkable engineering expertise and commitment of the entire VPHEP team. Each step forward reflects THDCIL's unwavering focus on excellence and timely execution in infrastructure development.

Sh. Bhupender Gupta, Director (Technical), THDCIL, expressed his appreciation for the team's dedication and resilience. He said, "The successful commencement of the slab concreting in the Transformer Hall exemplifies THDCIL's commitment to Sustainable Growth. This milestone is a testament to the coordinated efforts of all stakeholders, and I am confident that we will continue achieving similar successes as the project progresses."

## Awareness program on Global Warming held at NCR Office



An awareness and knowledge-sharing session on "Global Warming" was conducted by Sh. Praveen Kumar Saxena, GM (Business Development Dept.), on 22nd November 2024 at the NCR office, Ghaziabad. During the session, Sh. Saxena discussed the causes, impacts, and challenges of global warming, along with potential mitigation strategies. The session was engaging and insightful.





# भावभीनी विदाई एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं



**Sh. Praveen Saxena**
**General Manager (BD Cell), NCR**
**DOR: 30-11-2024**

Sh. Praveen Saxena, General Manager (Business Development), superannuated from THDCIL on 30.11.2024 after a distinguished career. A civil engineering graduate from Madhav Institute of Technology and Science, Gwalior, he joined THDCIL in 1990 as an Assistant Engineer and contributed significantly across various departments, including Dam Construction, Urban Rehabilitation, Quality Control, Spillway Construction, Thermal Design, and Operation & Maintenance. Since 2018, he played a key role in the Business Development department. His achievements include overseeing the successful execution of Tehri Coffer Dam and the Tehri Main Dam's elevation, leading the development of THDCIL's first subsidiary, TUSCO Ltd., a joint venture with UPNEDA for developing the UMREPPs in Uttar Pradesh, and conceptualizing, designing, and developing a pilot Green Hydrogen-based Micro-grid system at the THDCIL office complex in Rishikesh. He also conceptualized and designed the development of one of India's largest Floating Solar Power Plants (16MWp/11MWac) on the raw water reservoir of Khurja STPP.
His contributions to THDC India Limited will always be remembered.



**श्री नितिन कुमार गुप्ता**
**अपर महाप्रबंधक (कॉरपोरेट कान्ट्रैक्ट), एनसीआर**
**सेवानिवृत्ति: 30-11-2024**



**श्री नंदकिशोर प्रसाद सिंह**
**उप महाप्रबंधक (स्टोर), टिहरी**
**सेवानिवृत्ति: 30-11-2024**



**श्री कैलाश चंद्र जोशी**
**उप महाप्रबंधक (डिजाइन-सिविल), ऋषिकेश**
**सेवानिवृत्ति: 30-11-2024**



**श्री प्रभात किशोर भट्ट**
**वरिष्ठ प्रबंधक (आर एंड डी), ऋषिकेश**
**सेवानिवृत्ति: 30-11-2024**



**श्री भूपेंद्र नाथ मोहन**
**अधिकारी (कार्य)**
**ऋषिकेश**
**सेवानिवृत्ति: 30-11-2024**



**श्री शीश पाल रमोला**
**उप अधिकारी (मा.सं. एवं प्रशा.)**
**ऋषिकेश**
**सेवानिवृत्ति: 30-11-2024**



**धैर्यं सर्वस्य साधनम्।**
**Patience is the solution to everything.**

## Tariff Petition for Koteshwar HEP

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
**THDC INDIA LIMITED**
(श्रेणी – क, मिनी रत्न, उपक्रम)
(Schedule - A, Mini Ratna, PSU)

**Form 14**
**[To be published in pursuance of Clause (7) of Regulation 23 of Conduct of Business Regulations,2023]**

**1)** The Petitioner above-named has filed a petition before the Central Electricity Regulatory Commission, New Delhi for determination of tariff for Koteshwar Hydro Electric Project (400 MW) for the period 01.04.2024 to 31.03.2029. **2)** The beneficiaries of the generating station are: **i.** Punjab State Power Corporation Limited, Panjab **ii.** Haryana Power Utilities (DHBVNL & UHBVNL), Haryana **iii.** Uttar Pradesh Power Corporation Limited, Uttar Pradesh **iv.** Delhi Discoms **(a)** BSES Rajdhani Power Limited, Delhi **(b)** BSES Yamuna Power Limited, Delhi **(c)** TATA Power Delhi Distribution Limited, Delhi **v.** Engineering Deptt., Chandigarh Administration, UT of Chandigarh,Chandigarh **vi.** Uttarakhand Power Corporation Limited, Uttarakhand **vii.** Rajasthan Discoms: **(a)** Jaipur Vidyut Vitran Nigam Limited, Jaipur **(b)** Ajmer Vidyut Vitran Nigam Limited, Ajmer **(c)** Jodhpur Vidyut Vitran Nigam Limited, Jodhpur **(d)** Rajasthan Urja Vikas Nigam Limited, Jaipur **viii. (a)** Power Development Department (PDD), J&K. **(b)** Jammu and Kashmir State Power Trading Company Limited, J&K **ix.** Madhya Pradesh Power Management Company Limited, Madhya Pradesh **x.** New Delhi Municipal Council, New Delhi **3)** Capacity of the generating station : 400 MW (4 x 100 MW) **4)** Approved capital cost of the project (Rs. in lakh)- Original: 130157 (at Oct'1999 PL), Final (Revised): 271735 (at Jun'2012 PL) Authority which has approved the Capital Cost: C.C.E.A, Government of India **5)** Scheduled date of commercial operation : April,2005 **6)** Actual date of commercial operation : 1st Unit - 01.04.2011 , 2nd Unit - 26.10.2011, 3rd Unit - 13.02.2012, 4th Unit - 01.04.2012 **7)** Capital cost on the date of commercial operation (Rs. in lakh): 239807 **8)** Details of tariff for the Tariff period 2024-29:

**(Rs. In Lakh)**

| Sl. No. | Description | Submitted tariff for the previousyear (2023-24) | Year-wise tariff sought to be determined | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1st Year 2024-25 | 2nd Year 2025-26 | 3rd Year 2026-27 | 4th Year 2027-28 | 5th Year 2028-29 |
| 1. | Annual Fixed Cost | 69244.90 | 71464.36 | 74489.74 | 75114.11 | 75787.19 | 76518.65 |

**9)** A copy of the application made for determination of tariff is posted on THDCIL's website **<thdc.co.in>**. **10)** The suggestions and objections, if any, on the proposals for determination of tariff contained in the petition may be filed by any person, including the beneficiaries through the e-filing portal of the Commission, with a copy to the Petitioner within 30 days of publication of this notice.

**Place: Rishikesh**
**Date: 30.10.2024**

**(H. S. Bhalla)**
**Additional General Manager (Commercial)**

**Bypass Road, Pragatipuram, Rishikesh-249201 (Uttarakhand)**

## Tariff Petition for Tehri HPP

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
**THDC INDIA LIMITED**
(श्रेणी – क, मिनी रत्न, उपक्रम)
(Schedule - A, Mini Ratna, PSU)

**Form 14**
**[To be published in pursuance of Clause (7) of Regulation 23 of Conduct of Business Regulations, 2023]**

**1.** The Petitioner above-named has filed a petition before the Central Electricity Regulatory Commission, New Delhi for determination of tariff for Tehri Hydroelectric Power Plant (1000 MW) for the period 01.04.2024 to 31.03.2029. **2.** The beneficiaries of the generating station are: **i.** Punjab State Power Corporation Limited, Panjab. **ii.** Haryana Power Utilities (DHBVNL & UHBVNL), Haryana. **iii.** Uttar Pradesh Power Corporation Limited, Uttar Pradesh. **iv.** Delhi Discoms **a)** BSES Rajdhani Power Limited, Delhi **b)** BSES Yamuna Power Limited, Delhi **c)** TATA Power Delhi Distribution Limited, Delhi **v.** Engineering Deptt., Chandigarh Administration, UT of Chandigarh, Chandigarh **vi.** Uttarakhand Power Corporation Limited, Uttarakhand **vii.** Rajasthan Discoms: **(a)** Jaipur Vidyut Vitran Nigam Limited, Jaipur **(b)** Ajmer Vidyut Vitran Nigam Limited, Ajmer **(c)** Jodhpur Vidyut Vitran Nigam Limited, Jodhpur **(d)** Rajasthan Urja Vikas Nigam Limited, Jaipur **viii. (a)** Power Development Department (PDD), J&K. **(b)** Jammu and Kashmir State Power Trading Company Limited, J&K **ix.** Madhya Pradesh Power Management Company Limited, Madhya Pradesh **x.** New Delhi Municipal Council, New Delhi **3.** Capacity of the generating station : 1000 MW (4 x 250 MW) **4.** Approved capital cost of the project : Final Completion Cost (Rs. In cr.): 8392.45 (at March'08 price level). Authority which has approved the Capital Cost: C.C.E.A, Government of India **5.** Scheduled date of commercial operation : First three units by June'05 and fourth unit by july'05. **6.** Actual date of commercial operation : 1st Unit (Unit-IV) - 22.09.2006, 2nd Unit (Unit-III)-09.11.2006, 3rd Unit (Unit-II-30.03.2007, 4th Unit (Unit-I)-09.07.2007. **7.** Capital cost (Power Component) on the date of commercial operation (Rs. in Cr.): 6510.19. **8.** Details of tariff for the Tariff period 2024-29:

**(Rs. In Lakh)**

| Sl. No. | Description | Submitted tariff for the previous year (2023-24) | Year-wise tariff sought to be determined | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1st Year 2024-25 | 2nd Year 2025-26 | 3rd Year 2026-27 | 4th Year 2027-28 | 5th Year 2028-29 |
| 1. | Annual Fixed Cost | 116397.46 | 112921.78 | 121368.46 | 123441.79 | 125990.43 | 129028.18 |

**9.** A copy of the application made for determination of tariff is posted on THDCIL's website <**thdc.co.in**>. **10.** The suggestions and objections, if any, on the proposals for determination of tariff contained in the petition may be filed by any person, including the beneficiaries through the e-filing portal of the Commission, with a copy to the Petitioner within 30 days of publication of this notice.

**Place: Rishikesh**
**Date: 17.11.2024**

**(H. S. Bhalla)**
**Additional General Manager (Commercial)**

**Bypass Road, Pragatipuram, Rishikesh-249201 (Uttarakhand)**

**Designed In-House by Corporate Communication Department, Rishikesh**



टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

डॉ. ए. एन. त्रिपाठी, महाप्रबंधक ( मानव संसाधन व जनसम्पर्क) द्वारा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के लिए गंगा भवन, प्रगतिपुरम, बाईपास रोड़, ऋषिकेश- 249201 (उत्तराखंड) से प्रकाशित
फोन: 0135-2473504, वेबसाइट: www. thdc. co.in, ईमेल: prthdcil@gmail.com & hj.thdc@gmail.com
गृह पत्रिका/न्यूज़ लेटर में प्रकाशित लेखों/रचनाओं में व्यक्त किए गए विचार लेखकों के अपने हैं और उनसे टीएचडीसीआईएल प्रबंधन का सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
(निशुल्क आंतरिक वितरण के लिए)